न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पीसागंन (अजमेर)

पीठासीन अधिकारी — श्री समदरसिंह भाटी आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या — 128 / 2020

श्री चन्द्र प्रकाश नेहरा पुत्र स्व. श्री छोगालाल जाति कुमावत निवासी ग्राम पीसागंन तहसील पीसागंन जिला अजमेर

...प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये विद्वान तहसीलदार, पीसांगन जिला अजमेर।

... अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 रा0 भू0 रा0 अधिनियम 1956

उपस्थित :– श्री विजय प्रकाश कुमावत – अभिभाषक प्रार्थी

–: निर्णय :– दिनांक 26.10.2020

संक्षिप्त में प्रार्थना पत्र में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक के यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू0 रा0 अधिनियम 1956 का अप्रार्थी के विरूद्व इस तथ्य के साथ प्रस्तुत किया कि ग्राम पीसागंन तहसील पीसागंन के खाता संख्या नया 529 पुराना 413 के खसरा सख्या 4475 / 5581, 4476 / 6538, 4475 / 6537 की कृषि भूमि प्रार्थी की खातेदारी एंव कब्जे काश्त की आराजी रही है। जमाबदीं सवंत 2069–2072 के कम्प्युटराईज्ड रिकार्ड में प्रार्थी को हनुवन्तपुरा निवासी साकिन देह खातेदार दर्शाया गया है जो कि पूर्णतया गलत है। प्रार्थी के समस्त दस्तावेजों में पते के साक्ष्य के रूप में ग्राम पीसागंन निवासी ही अंकित है प्रार्थी आज दिनांक तक पीसागंन में ही निवास कर रहा है और प्रार्थी की समस्त आराजी ग्राम पीसागंन में ही स्थित है। जिसे दुरूस्त किया जाना आवश्यक है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया । अप्रार्थी को सम्मन जारी किये गये। सरकार पेरोकार के द्वारा जवाब नहीं दिये जाने पर जवाब सरकार बंद किया गया। पत्रावली एंव पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया , मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध प्रार्थी का शपथ पत्र एंव रिकार्ड के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। **तहसीलदार पीसागंन को आदेशित किया जाता है कि वह ग्राम पीसागंन तहसील पीसागंन के खाता संख्या नया 529 पुराना 413 के खसरा सख्या 4475 / 5581, 4476 / 6538, 4475 / 6537 के राजस्व रिकार्ड में पूर्व इन्द्राज के स्थान पर चन्द्रप्रकाश पुत्र छोगालाल हिस्सा पूर्ण जाति कुमावत सा. हनुवन्तपुरा हाल निवासी पीसागंन खातेदार का अकंन किया जावे ।**

निर्णय आज दिनांक 26.10.2020 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी एंव
पदेन सहायक कलक्टर
पीसांगन

(उपखण्ड अधिकारी पीसांगन (अजमेर))

Signature Not Verified

Digitally signed by Samadar Singh Bhati
Date: 2021.02.12 17:06:15 IST
Reason: SelfAttested